# कार्यालय : जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) बीकानेर

## कार्यालय आदेश

श्रीमान् निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर के पत्रांक : राराशैअप्रसं/उदय/वि–2/प्र–1/फा–1226/18 दिनांक 25.06.2018 के अनुसार राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा नेहरू विज्ञान केन्द्र के सौजन्य से कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय, जिला एवं राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन निम्नानुसार किया जा रहा है।

सेमिनार का विषय :– **" औद्योगिक क्रान्ति (औ.क्रा.) 4.0 : क्या हम तैयार हैं? "**
**"INDUSTRIAL REVOLUTION (IR) 4.0 : ARE WE PREPARED"**

आयोजन दिनांक एवं समय :– 13 अगस्त 2018, वार– सोमवार, प्रातः 9.30 बजे

आयोजन स्थल :– राज. रावतमल बोथरा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गंगाशहर बीकानेर।

**सामान्य निर्देश** :–

1. जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों के कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थी इसमें भाग लेने हेतु पात्र होंगे।
2. विज्ञान सेमिनार के प्रथम चरण में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस हेतु 20 प्रश्नों का वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र होगा। जिसकी समयावधि 20 मिनिट तथा पूर्णांक 10 अंक होगा।
3. द्वितीय चरण में मौखिक अभिव्यक्ति देनी होगी जिसकी भाषा हिन्दी या अंग्रेजी होगी। इसमें प्रतिभागी दिये गये विषय पर अधिकतम 6 मिनिट की अवधि तक अपनी प्रस्तुति दे सकेंगे, इसके पश्चात 2 मिनिट का प्रश्नकाल होगा जिसमें प्रतिभागी से निर्णायकों द्वारा कुल 3 प्रश्न पूछे जाऐंगे जिसमें से प्रतिभागी को इसी समयावधि में किन्ही 2 प्रश्नों के उत्तर देनें होंगे।
4. प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन 3 निर्णायकों द्वारा किया जाएगा।
5. राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार दिनांक 28 अगस्त 2016 को S.I.E.R.T. उदयपुर में आयोजित की जायेगी जिसमें जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी ही भाग लेंगे।

विस्तृत निर्देशों के लिए S.I.E.R.T. द्वारा जारी संलग्न परिपत्र का अध्ययन करें।

Sd/-
**जिला शिक्षा अधिकारी,**
**माध्यमिक, बीकानेर ।**

क्रमांकः– जिशिअ/माध्य/बीका/शै.प्र./विज्ञान सेमि/2018–19/52

दिनांकः– 13.07.2018

प्रतिलिपि–सूचनार्थ

1. श्रीमान् निदेशक, S.I.E.R.T. उदयपुर, राजस्थान।
2. श्रीमान् उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर।
3. समस्त संस्था प्रधान, राजकीय/निजी विद्यालय, बीकानेर
4. प्रधानाचार्य, राज. रावतमल बोथरा बा.उ.मा.वि., गंगाशहर बीकानेर।
5. रक्षित प्रत्रावली।

**जिला शिक्षा अधिकारी,**
**माध्यमिक, बीकानेर ।**

www.rajteachers.com

# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान,उदयपुर

## विज्ञान एवं गणित विभाग

क्रमांक–राराशैअप्रसं–उदय / वि–2 / प्र–1 / सेमिनार / फा–1226 / 18 दि. 25.06.2018

जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक–प्रथम

विषय – 'जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार 2018 के आयोजन के संबंध में ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा नेहरू विज्ञान केन्द्र मुंबई के सौजन्य से कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय, ब्लॉक जिला एवं राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विषय है–

**औद्योगिक क्रांति (औ.क्रां.) 4.0 : क्या हम तैयार है?**

**Industrial Revolution (IR) 4.0 : Are we Prepared ?**

जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन आपके द्वारा अपने जिले में दिनांक **13.08.2018 तक** किया जाना है। इस हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक प्रथम नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगें। जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार के सफल आयोजनार्थ यह सुनिश्चित कर लें कि –

1. जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों को समय पर इसकी सूचना उपलब्ध हो जाएं एवं सभी विद्यालयों का संभागित्व इसमें रहे।
2. अधिकाधिक विद्यालयों के संभागित्व हेतु आपके स्तर पर आपके जिले में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए।
3. यह निर्देश जारी कराएँ कि सभी विद्यालय अनिवार्यतः इसमें भाग लेवें।
4. विद्यार्थियों के लिए ये निर्देश जारी करावें कि –

- विज्ञान सेमिनार में कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थी ही भाग ले सकते हैं।
- विज्ञान सेमिनार में पहले चरण में लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है इस हेतु 20 प्रश्नों का प्रश्न पत्र होगा जिसकी समयावधि 20 मिनिट तथा पूर्णांक 10 अंक का होगा।
- द्वितीय चरण में मौखिक प्रस्तुति देनी होगी जिसकी भाषा हिन्दी, अंग्रेजी या मान्यता प्राप्त भारतीय भाषा होगी। इसमें सभांगी दिए गये विषय पर अधिकतम 6 मिनिट की अवधि तक अपनी प्रस्तुती दे सकेंगे, इसके पश्चात् 2 मिनट का प्रश्नकाल होगा जिसमें संभागी से निर्णायकों द्वारा कुल 3 प्रश्न पूछे जाएगें जिसमें से संभागी को इसी समयावधि में किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर देने होगें।
- प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन 3 निर्णायकों द्वारा कराया जाएगा।

प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन निम्न प्रारूप में किया जाएगा–

| कोड संख्या | प्रस्तुति में वैज्ञानिक तथ्य | भाषा प्रवाह | निर्णायक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने की योग्यता | सहायक सामग्री में नवाचार | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| | 40 अंक | 25 अंक | 10 अंक | 15 अंक | 90 अंक |

- परिणाम तीनों निर्णायकों द्वारा दिए गए अंकों के औसत अंक एवं लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के योग के आधार पर निम्नांकित प्रारूप में तैयार किए जाए–

| कोड संख्या | निर्णायक I द्वारा प्रदत्त अंक | निर्णायक II द्वारा प्रदत्त अंक | निर्णायक III द्वारा प्रदत्त अंक | योग | औसत | लिखित अभिवृत्ति परीक्षा के प्राप्तांक | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 90 अंक | 90 अंक | 90 अंक | 270 अंक | 90 | 10 अंक | 100 |

www.rajteachers.com

- सहायक दृश्य सामग्री संबंधी आवश्यक निर्देश–
- सहायक सामग्री में चार्टस, पोस्टर्स प्लास्टिक फ्रेम स्लाइड्स, ओवर हेड प्रोजेक्टर की स्लाइड का उपयोग किया जा सकता है। लेकिन प्रस्तुति के दौरान कुल 5 से अधिक सहायक सामग्री का उपयोग नहीं किया जाए।
- चार्टस, पोस्टर्स की साइज 85 सेमी (चौडाई), 60 सेमी (ऊँचाई) से अधिक नहीं हों। सभी चार्टस, पोस्टर्स कैलेण्डर की तरह एक के ऊपर एक, आपस में बंधे हो। चार्ट की एक साईड को एक युक्ति माना जाएगा। अथवा
- स्लाइड्स 3.5 सेमी के प्रारूप में हो तथा प्लास्टिक फ्रेम में हो। अथवा
- ओवर हेड प्रोजेक्टर की स्लाइड A4 साइज से बडी नहीं हो। अथवा
- कम्प्यूटर आधारित स्लाईड में एनीमेशन, रोल ओवर पॉप अप्स इत्यादि न हो। एक स्लाईड के प्रदर्शन किसी भी प्रकार का INTERACTION स्वीकार नहीं है।
- मॉडल, विडियों फिल्म का उपयोग नहीं करें।
- विशेष–दिव्यांग विद्यार्थियों को छोडकर विवेचना के दौरान कोई भी अध्यापक/मार्गदर्शक को मंच पर संभागी की किसी प्रकार की सहायता करने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी

उक्त नियम जिला एवं राज्य दोनों स्तर पर लागू होंगे।

5. जिला स्तर पर विजेता विद्यार्थी के पुरस्कार वितरण की व्यवस्था जिला स्तर पर ही की जाए।
6. विज्ञान सेमिनार समापन के 3 दिवस के भीतर प्रतिवेदन संस्थान को अवश्य भिजवाएँ।
7. जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी की सूचना संलग्न प्रारूप में अनिवार्यतः 20 अगस्त, 2018 तक E mail ID director.siert @rajasthan.gov.in या hod. ds.siert@ rajasthan.gov.in को भिजवाना सुनिश्चित करें। संस्थान को हार्ड कॉपीमें पंजीयन प्रपत्र एवं प्रतिवेदन अनिवार्यतः भिजवाना सुनिश्चित करें। राज्य स्तर पर प्रत्येक जिले का समावेश अनिवार्य है अन्यथा निदेशालय, बीकानेर द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार में भाग लेने हेतु जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को समय पर सूचित करे कि दिनांक 28.08.2018 मंगलवार को प्रातः 10.00 बजे एस.आई.ई.आर.टी. उदयपुर में अनिवार्य उपस्थित होवे।
8. राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार जो कि दिनांक 28, अगस्त 2018 को एस.आई.ई.आर.टी. उदयपुर में आयोजित किया जाएगा, इसमें जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी ही भाग लेंगे।
9. राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त संभागी विद्यार्थी राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार में राज्य का प्रतिनिधित्व करता है।

निदेशक
राराशैअप्रसं, उदयपुर

**प्रतिलिपि–**

1. निदेशक, महोदय, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, निदेशालय, बीकानेर
2. शैक्षिक अधिकारी, नेहरू विज्ञान केन्द्र संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, मुंबई
3. उपनिदेशक (माध्यमिक) —————— मण्डल,
4. वरिष्ठ सम्पादक महोदय, शिविरा में प्रकाशनार्थ

www.rajteachers.com

निदेशक
राराशैअप्रसं, उदयपुर

# जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार 2018
## प्रतिवेदन

विज्ञान सेमिनार का विषय –

**औद्योगिक क्रांति (औ.क्रां.) 4.0 : क्या हम तैयार है?**
**Industrial Revolution (IR) 4. 0 : Are we Prepared ?**

1 जिला
2 आयोजक विद्यालय का नाम
3 दिनांक
4 भाग लेने वाले विद्यालयों की संख्या
5 संभागियों की संख्या

| छात्र | छात्रा | योग |
| --- | --- | --- |
| ______ | ______ | ______ |

6 संदर्भ शिक्षकों की संख्या
7 कुल श्रोताओं की संख्या

| छात्र | छात्रा | शिक्षक | अभिभावक |
| --- | --- | --- | --- |
| ______ | ______ | ______ | ______ |

8 मुख्य अतिथि का नाम व पद (उद्घाटन के समारोह)
9 अध्यक्ष का नाम व पद (उद्घाटन के समारोह)
10 मुख्य अतिथि का नाम व पद (पुरस्कार वितरण समारोह)
11 निर्णायकों का नाम व पद

12 प्रथम स्थान प्राप्त संभागी
नाम ______________________
कक्षा ______
विद्यालय ______________________

13 द्वितीय स्थान प्राप्त संभागी
नाम ______________________
कक्षा ______
विद्यालय ______________________

सुझाव यदि कोई हो तो–

प्रति हस्ताक्षर
जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक मय सील

हस्ताक्षर
आयोजक विद्यालय संस्था
प्रधान मय सील

www.rajteachers.com